बरेली, रविवार
26 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

दैनिक जागरण

PAGE NO IV : MIDDLE

नृत्य प्रतियोगिता में आद्या और माही ने मारी बाजी

रिद्धिमा में नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि ● सौ. आयोजक

बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में बाल और युवा महोत्सव की दूसरी कड़ी में एकल नृत्य प्रतियोगिता 'कल के कलाकार' का शनिवार को आयोजन हुआ। इसमें जूनियर वर्ग में हार्टमैन कालेज की आद्या पटेल और सीनियर वर्ग में रिद्धिमा की माही कटारिया ने पहला पुरस्कार हासिल किया। जूनियर वर्ग में गुरनूर कौर (रिद्धिमा) को दूसरा और पीहू चौधरी (सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र) को तीसरा पुरस्कार मिला। विजेताओं को ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने पुरस्कृत किया। इस मुकाबले में बरेली मंडल से 20 स्कूल, कालेज और इंस्टिट्यूट से 52 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायकों में देविशा मूर्ति, रुचि शाह और डा. आशीष कुमार रहे। ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, अंशु कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। (**वि.**)